तापमान
अधिकतम 23.7°C
न्यूनतम 22.9°C

हरिभूमि
सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

11 एफएलएन शिविर में 621 ने सीखा लर्निंग लेवल



12 महिला विवि में वाहनों की एंट्री होगी डिजिटल



खबर संक्षेप

केडी नगर में विवाहिता ने फंदा लगाकर जान दी

गन्नौर। शहर केडी नगर में 21 वर्षीय विवाहिता द्वारा अपने कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान रिंकी पत्नी दीपक कुमार के रूप में हुई है। वह मूल रूप से बिहार के गया जिले के खुशालपुर की रहने वाली थी। केडी नगर में पति के साथ किराये के मकान में रह रही थी। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कार की टक्कर लगने से बाइक सवार घायल



खरखौदा। थाना रोड बाईपास पर पुल के नीचे तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में थाना खुर्द निवासी तुषार के पैर में गंभीर चोट आई। घायल को उपचार के लिए पीजीआई रोहतक भर्ती करावाया गया। तुषार की शिकायत पर खरखौदा पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। तुषार ने बताया कि सात अक्टूबर को दोपहर करीब डेढ़ बजे वह अपने दोस्त आर्यन और हर्ष के साथ हर्ष की बाइक पर बैठकर आइटीआई खरखौदा से अपने गांव थाना खुर्द जा रहा था। बाइक हर्ष चला रहा था। जब वे थाना रोड बाईपास पर पुल के नीचे पहुंचे तो सामने से तेज रफ्तार में आई सफेद रंग की ब्रेजा कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर जा गिरे और उसके पैर में गंभीर चोट आई। ।

फोन छीनने का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

गन्नौर। पुलिस ने मोबाइल फोन छीनने की घटना में संलिप्त दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विकास पुत्र जीत सिंह निवासी गांव टिकोला, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। गांव टेहा निवासी राजन ने 31 अगस्त 2026 को थाना एचएसआईआईडीसी बड़ी में शिकायत दी थी कि वह रात करीब 12.30 बजे रा-रा ढाबे से खाना खाकर अपने कमरे पर लौट रहा था। इसी दौरान तीन बाइक पर सवार करीब छह-सात युवकों ने उसे रास्ते में रोककर उसकी जेब से मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान सहायक उप निरीक्षक अनूप की टीम ने पहले आरोपी साहिल निवासी टिकोला को गिरफ्तार किया था। अब पुलिस ने दूसरे आरोपी विकास को भी गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

गद्दा फैक्ट्री अग्निकांड : 36 श्रमिक कर रहे थे काम, 30 ने भाग कर बचाई जान

■ आग में चाचा-भतीजा जिंदा जले, चार श्रमिक झुलसे ■ फैक्ट्री में सुरक्षा इंतजामों पर सवाल, दो में से एक गेट खुला होने की चर्चा

■ नीचे बने गोदाम से बाहर निकलने के लिए सीढ़ियों से ऊपर आना पड़ता था, जांच के बाद स्पष्ट होगी स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

गांव बारोटा के पास लीजेंड पॉलीफॉर्म प्राइवेट लिमिटेड की गद्दा फैक्ट्री में आग लगने के बाद सुरक्षा इंतजामों और श्रमिकों की सुरक्षित निकासी को लेकर सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री के दो गेटों में से एक ही खुला हुआ था, जबकि दूसरा बंद था। इसके अलावा गोदाम का फर्श भी जमीन के स्तर से करीब तीन फुट नीचे था। ऐसे में आग और धुएं के बीच श्रमिकों को बाहर निकलने में परेशानी होने की आशंका है। हालांकि, गेटों की वास्तविक स्थिति और सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। गौरतलब है कि फैक्ट्री में वीरवार तड़के अचानक आग लग गई, जिसकी चपेट में आने कैलाश (34) और सुनील (19) की मौत हो गई। दोनों चाचा-भतीजा थे। बताया जा रहा है कि आगजनी के समय फैक्ट्री में 35 से 36 श्रमिक काम कर रहे थे, 30 श्रमिकों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। जानकारी के अनुसार, फैक्ट्री के गोदाम का फर्श जमीन के स्तर से नीचे था। वहां से बाहर आने के लिए सीढ़ियों के सहारे ऊपर पहुंचना पड़ता था। आग फैलने के दौरान ऐसी व्यवस्था श्रमिकों के लिए मुश्किल खड़ी कर सकती थी। हादसे के बाद निकासी मार्गों की स्थिति और फैक्टरी में सुरक्षा के लिए किए गए इंतजामों की जांच का मुद्दा उठ रहा है। पुलिस आग लगने के कारणों के साथ सुरक्षा व्यवस्था की जांच कर रही है।





सोनीपत। फैक्ट्री में आग लगने के बाद उठती लपटें। वहीं आग पर काबू पाने के बाद जांच करते पुलिस अधिकारी।

थोड़े-थोड़े अंतराल पर धमाकों जैसी आवाजें सुनाई देती रहीं

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग के दौरान फैक्टरी के अंदर फोम में थोड़े-थोड़े अंतराल पर धमाकों जैसी आवाजें सुनाई देती रहीं। अंदर गैस सिलिंडर या अन्य ज्वलनशील पदार्थ होने की आशंका भी जताई गई, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है। आग की तपिश से लोहे के एंगल और टिन शेड क्षतिग्रस्त हो गए। दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।उप दमकल अधिकारी विनोद के अनुसार, सूचना मिलने पर दमकल विभाग, पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच गई थीं। सोनीपत और राई से आठ दमकल गाड़ियां बुलाई गईं। फैक्टरी में ज्वलनशील सामग्री और टिन शेड के कारण आग बुझाने में परेशानी आई। करीब सवा छह घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। उन्होंने बताया कि फैक्टरी में पानी उपलब्ध था और अग्निशमन पाइपलाइन भी खुली हुई थी। घटना की विभागीय स्तर पर भी जांच की जाएगी।

परिजनों ने बताई आपबीती



हादसे में झुलसे पवन के भाई अरविंद ने बताया कि पवन किसी तरह फैक्टरी से बाहर निकलकर उनके घर पहुंचा था। भाई के झुलसने की जानकारी मिलने पर उन्होंने ठेकेदार को फोन किया, जिसके बाद पवन को अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं, राजकुमारी ने बताया कि उनके बहनोई राजेश भी आग की चपेट में आ गए थे और उनके कपड़े तक जल गए। अरविंद और राजकुमारी के अनुसार, हादसे की सूचना मिलने पर वे फैक्टरी पहुंचे, लेकिन उन्हें अंदर नहीं जाने दिया गया।

खरीफ सीजन के अंतिम चरण में मौसम की मार, किसानों की मेहनत पर पानी फिरा

बारिश से मंडी में 8 हजार क्विंटल धान भीगा, खेतों में फसलें बिछीं

जलभराव के कारण पानी के बहाव में मंडी गेट तक बहा धान खरीद की रफ्तार थमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

खरीफ सीजन के अंतिम चरण में मौसम की मार ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। वीरवार सुबह तेज हवा के साथ हुई बारिश से सोनीपत की नई अनाज मंडी में करीब आठ हजार क्विंटल धान भीग गया। मंडी में जलनिकासी की व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए। जगह-जगह पानी जमा होने के साथ तेज बहाव में धान मंडी के गेट तक बहता दिखाई दिया। उधर, खेतों में खड़ी धान, कपास और बाजरे की फसलें तेज हवा के कारण बिछने से उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। पहले नमी के कारण खरीद का इंतजार और अब बारिश से उपज भीगने की परेशानी ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सोनीपत अनाज मंडी में सामान्य दिनों में प्रतिदिन 15 से 20 हजार क्विंटल धान की खरीद होती है, लेकिन वीरवार को बारिश के कारण कामकाज प्रभावित रहा। मंडी में पहुंचा करीब आठ हजार क्विंटल धान भीग गया। शेड के नीचे रखी उपज में से भी केवल तीन हजार क्विंटल धान की बोली हो सकी। किसानों को चिंता है कि बारिश से धान में नमी बढ़ने के कारण खरीद और भुगतान की प्रक्रिया में फिर देरी हो सकती है। मंडी में धान की 1509 किस्म का भाव 4100 रुपये प्रति क्विंटल तक रहा। अनाज मंडी के सचिव जितेंद्र कुमार ने बताया कि धान को तिरपाल से ढकने की जिम्मेदारी आढ़तियों की होती है। बारिश से पहले धान को ढकवा दिया गया था। इसके बावजूद बारिश के कारण खरीद प्रभावित हुई और धान की बोली कम हो सकी।



सोनीपत। रोहतक रोड स्थित नई अनाज मंडी में बारिश में भीगा धान।

पीआर धान की खरीद जल्द शुरू करने की मांग

किसान राजेंद्र और महेश ने बताया कि वे कई दिनों से पीआर धान लेकर मंडी में बैठे हैं। पहले नमी अधिक होने के कारण सरकारी खरीद नहीं हो रही थी। अब नमी कम हुई तो बारिश ने उपज को फिर भिगो दिया। किसानों को मंडी में धान की रखवाली करने के साथ मौसम की मार भी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने सरकार और संबंधित अधिकारियों से पीआर धान की सरकारी खरीद जल्द शुरू करवाने की मांग की, ताकि उपज बेचने के लिए उन्हें लंबे समय तक इंतजार न करना पड़े।



खेतों में फसलें बिछने से उत्पादन घटने की आशंका

खेतों में खड़ी धान, कपास और बाजरे की फसलों के बिछने से किसानों को उत्पादन घटने की चिंता सताने लगी है। धान की 1509 किस्म की कटाई काफी हद तक हो चुकी है, जबकि अन्य फसलें अभी खेतों में खड़ी हैं। ऐसे में फसलें जमीन पर बिछने से उनकी गुणवत्ता और उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। वीरवार को जिले में औसतन 28.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। खानपुर कलां खंड में सबसे अधिक 40 मिलीमीटर बारिश हुई। गन्नौर में 33, गोहाना और राई में 33-33, सोनीपत खंड में 24 और खरखौदा में सात मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। बारिश के बाद तापमान में भी गिरावट आई। जगदीशपुर केंद्र पर अधिकतम तापमान 23.7 डिग्री और न्यूनतम 22.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

सड़कों, गलियों से लेकर कॉलोनियों में जलभराव



सोनीपत। शहर में बारिश ने वीवार को एक बार फिर निकासी व्यवस्था के दावों की पोल खोलकर रख दी। बारिश के कारण जीटी रोड से लेकर शहरभर में विभिन्न सड़कों, कॉलोनियों की गलियों व शनि मंदिर के पास अंडरब्रिज में जलभराव होने से वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ी। सड़कों पर जलभराव व सीवरेज लाइन ओवरफ्लो होने से दोपहर तक कई जगह पानी भरा रहा। उधर प्रशासन व नगर निगम के निकासी के लाख दावों के बीच शहर की निकासी व्यवस्था हकीकत से पर्दा उठा रही है।बता दें कि थोड़ी सी बारिश के दौरान ही सीवरेज लाइन ओवरफ्लो होने से शहर में कई जगह जलभराव की समस्या गंभीर रूप धारण कर रही है।

नकली नोटों की गड्डी दिखाकर बुजुर्ग महिला से डेढ़ लाख के गहने ठगे

सोनीपत। शहर में ठगी का मामला सामने आया है। पुरखास अड्डा निवासी 75 वर्षीय चंद्रो देवी ने दो युवकों पर नशीला पदार्थ सुंघाकर सोने के बाले, अंगूठी और 5500 रुपये ठगने का आरोप लगाया है। ठगे गए गहनों की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई गई है। घटना गीता भवन के पास हुई। संदिग्ध युवक सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर उनकी पहचान करने में जुटी है। चंद्रो देवी के पोते धर्मजीत के अनुसार, उनकी दादी वीरवार सुबह बैंक से पेंशन निकलवाने गई थीं। उन्होंने खाते से 3200 रुपये निकलवाए और घर से लाए ढाई हजार रुपये मिलाकर कुल 5500 रुपये डाकखाने में जमा कराने के लिए पैदल जा रही थीं। गीता भवन के पास संजीवनी अल्ट्रासाउंड सेंटर के सामने दो युवकों ने उन्हें रोक लिया। एक युवक ने नरेला जाने के लिए किराये के पैसे नहीं होने की बात कहकर मदद मांगी।आरोप है कि युवकों ने पांच-पांच सौ रुपये के असली नोट ऊपर-नीचे लगाकर बीच में कागज की नकली गड्डी दिखाई। चंद्रो देवी के मना करने के बावजूद एक युवक ने गड्डी में बने छेद वाले कपड़े को उनके नाक के पास लगाया। इसके बाद महिला उनके साथ मधु स्पोर्ट्स वाली गली में चली गईं। परिजनों के अनुसार, वहां युवकों ने उनकी अंगूठी और सोने के बाले उतरवा लिए। बदले में कपड़े में दो कंकड़ बांधकर उन्हें थमा दिए और गहने होने की बात कही। कुछ देर बाद महिला को होश आया तो उन्हें ठगी का पता चला।



■ पेंशन निकलवाकर डाकखाने जा रही थी 75 वर्षीय महिला, नशीला पदार्थ सुंघाने का आरोप

भोगीपुर और राजलूगढ़ी में 18 घंटे गुल रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

भोगीपुर पावर हाउस से जुड़े गांव भोगीपुर और राजलूगढ़ी में करीब 18 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली नहीं होने के कारण दैनिक कामकाज प्रभावित हुए। लंबे समय तक आपूर्ति बंद रहने से घरों में लगे इनवर्टर भी बंद हो गए, जिससे मोबाइल फोन चार्ज करने और अन्य जरूरी घरेलू काम निपटाने में दिक्कत हुई। ग्रामीणों के अनुसार, बुधवार रात करीब 11:30 बजे बिजली आपूर्ति बंद हो गई थी। उन्हें उम्मीद थी कि जल्द बिजली बहाल हो जाएगी, लेकिन अगले दिन वीरवार शाम करीब 4:30 बजे आपूर्ति शुरू हो सकी। लंबे समय तक बिजली नहीं आने से लोगों की परेशानी बढ़ती गई। बिजली विभाग के कर्मचारियों के अनुसार, भोगीपुर पावर हाउस से औद्योगिक क्षेत्र के पावर हाउस को 33 केवी लाइन के माध्यम से बिजली आपूर्ति की जाती है। इस लाइन में तकनीकी दिक्कत आने के कारण दोनों गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित रही।



■ बुधवार रात 11:30 बजे बाधित हुई आपूर्ति, अगले दिन शाम 4:30 बजे हुई बहाल

बजाना खुर्द के ओमप्रकाश से साइबर ठगी

क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर 1.03 लाख रुपये ठगे

सोनीपत। गांव बजाना खुर्द निवासी ओमप्रकाश साइबर ठगी का शिकार हो गए। ठग ने खुद को आईसीआईसीआई बैंक का कर्मचारी बताकर क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा दिया और उनके कार्ड से 1,03,480 रुपये निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ओमप्रकाश के अनुसार, ठग ने उनसे संपर्क कर क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने की बात कही। इसके बाद व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजकर एप डाउनलोड करवाया। एप को अनुमति देते ही ठगों ने दो बार में कार्ड से 41,392 रुपये और 62,088 रुपये निकाल लिए।

खाते से रकम निकलने का पता लगते ही पीड़ित ने क्रेडिट कार्ड ब्लॉक करवाया और हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि लोगों को अनजान व्यक्तियों के भेजे लिंक से एप डाउनलोड करने और बिना जांचे मोबाइल की संवेदनशील अनुमतियां देने से बचना चाहिए। बैंक कर्मचारी बनकर संपर्क करने वालों की पहचान की पुष्टि करना जरूरी है।

■ जिले में डेंगू के 47, मलेरिया के 5 और चिकनगुनिया के 2 मामले आए सामने

बढ़खासला में डेंगू के सबसे ज्यादा 19 केस, स्वास्थ्य विभाग की 166 टीमें घर-घर जाकर कर रहीं सर्वे

■ जलभराव वाले स्थानों पर लार्वानाशक का छिड़काव करने और बुखार जांच शिविर लगाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

मानसून के बाद जिले में मच्छरजनित बीमारियों के मामले बढ़ रहे हैं। अब तक डेंगू के 47, मलेरिया के 5 और चिकनगुनिया के 2 मामले सामने आ चुके हैं। बढ़खासला में डेंगू के सबसे ज्यादा 19 मरीज मिले हैं, जबकि यहां मलेरिया के भी 2 मामले सामने आए हैं। मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर निगम की ओर से फॉगिंग करवाई जा रही है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग ने भी निगरानी बढ़ा दी है। विभाग की 166 टीमें घर-घर जाकर लार्वा की जांच करने के साथ लोगों को बचाव के प्रति जागरूक कर रही हैं। जिला सिविल सर्जन डॉ. अलंकृता गेरा ने वीरवार को जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों, प्रभारियों और चिकित्सकों के साथ बैठक की। इसमें मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के अलावा आयुष्मान भारत, आरबीएसके, टीकाकरण, टीबी मुक्त अभियान, मानसिक स्वास्थ्य और परिवार नियोजन कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।



सोनीपत। स्वास्थ्य अधिकारियों,व चिकित्सकों के साथ बैठक करतीं सीएमओ व डिप्टी सीएमओ।

बुखार, खांसी और जुकाम भी कर रहा परेशान

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, नागरिक अस्पताल में रोजाना 500 से अधिक मरीज बुखार, खांसी और जुकाम की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। निजी अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या बढ़ रही है। विभाग की 166 टीमें लगातार घर-घर जाकर लार्वा की जांच कर रही हैं। इनमें 160 टीमें ग्रामीण और छह टीमें शहरी क्षेत्रों में तैनात हैं। स्वास्थ्य कर्मियों के साथ आशा वर्कर भी लोगों को मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक कर रही हैं। जिन क्षेत्रों में डेंगू या मलेरिया के मामले सामने आए हैं, वहां निगरानी बढ़ाई गई है।

जनगणना 2027 के दूसरे चरण की तैयारियां

मोबाइल एप से जुटाए जाएंगे आंकड़े डिजिटल प्रणाली से होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जनगणना-2027 के दूसरे चरण की तैयारियों के तहत जिले के तहसीलदारों और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। संयुक्त निदेशक लक्ष्मण सिंह ने अधिकारियों को जनगणना की प्रक्रिया, मोबाइल ऐप के माध्यम से आंकड़े जुटाने और जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी। लक्ष्मण सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना का कार्य निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार गंभीरता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि मोबाइल ऐप और डिजिटल माध्यम से आंकड़ों का संकलन व्यवस्थित तरीके से किया जाएगा। इसके लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को तकनीकी प्रक्रिया की पूरी जानकारी होना जरूरी है। उन्होंने तहसीलदारों और सुपरवाइजरों को अपने-अपने क्षेत्रों में जनगणना कार्य की नियमित निगरानी करने और कर्मचारियों को आवश्यक मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि कार्य के दौरान आने वाली तकनीकी और व्यावहारिक समस्याओं का समय रहते समाधान किया जाए, ताकि प्रक्रिया में बाधा न आए और काम निर्धारित समय में पूरा हो सके। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना की तैयारियों व अन्य प्रक्रियाओं पर चर्चा की गई।

■ तहसीलदारों और सुपरवाइजरों को दिया प्रशिक्षण



सोनीपत। जनगणना की तैयारियों को लेकर बैठक करते अधिकारी।

सेलिब्रेशन / शिखर चंद जैन

बच्चो, यह तो तुम्हें पता ही होगा कि अगले सप्ताह दशहरा पर्व मनाया जाएगा। तुम भी अपने पैरेंट्स के साथ आस-पास लगने वाले दशहरे मेले को एंज्वॉय करने के लिए एक्साइटेड होगे। क्या तुम जानते हो कि अपने देश के विभिन्न प्रदेशों में दशहरा अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है? देश के कुछ अनोखे दशहरा सेलिब्रेशंस के बारे में जानकर, तुम 'वाओ' किए बिना नहीं रह पाओगे।

विभिन्न जगहों पर दिखते हैं दशहरे के अलग-अलग रंग

बोम्माई गोलू-गुड़िया का त्योहार तमिलनाडु-आंध्र प्रदेश



दक्षिण भारत के तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश राज्यों में दशहरे के अवसर पर 'बोम्माइ गोलू' या गुड़िया का त्योहार मनाया जाता है। इसके लिए लोग अपने घरों में लकड़ी की 3, 5, 7 या 9 सीढ़ीनुमा रैक बनाते हैं। इन पर देवी-देवताओं, इंसानों, जानवरों, फलों और सब्जियों के आकार की मिट्टी की सुंदर गुड़िया सजाई जाती हैं। ये गुड़िया रामायण, महाभारत, पौराणिक और पंचतंत्र की कहानियों को दर्शाती हैं। सभी बच्चे अपने दोस्तों को अपने घर का 'गोलू' देखने के लिए बुलाते हैं। इस अवसर पर घर आए मेहमानों को स्वादिष्ट मिठाई सुंडल परोसी जाती है। *



हाथियों की राजसी शोभायात्रा कर्नाटक

कर्नाटक के मैसूर का दशहरा इतना भव्य होता है कि इसे देखने दुनिया भर से लोग आते हैं। दशहरे के दौरान मैसूर के विशाल महल को करीब 1 लाख बल्बों से सजाया जाता है। रात में यह महल सोने की तरह चमकता है, मानो कोई परीकथा का महल हो! इस त्योहार का सबसे शानदार हिस्सा होता है 'जंबो सवारी', इसमें सजे-धजे हाथियों का एक बड़ा जुलूस निकलता है। सबसे आगे चलने वाले हाथी की पीठ पर सोने का एक भारी हौदा रखा जाता है, जिसमें देवी चामुंडेश्वरी की मूर्ति रखी जाती है। जब यह जुलूस निकलता है, तो पूरे सम्मान के साथ तोपों से सलामी दी जाती है और शानदार बैंड बजता है। मैसूर में दशहरा का यह भव्य आयोजन देखकर तुम्हें ऐसा लगेगा जैसे तुम किसी राजा-महाराजा के जमाने में पहुंच गए हो। *

कुल्लू का भव्य दशहरा हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में रावण, कुंभकर्ण या मेघनाद का पुतला नहीं जलाया जाता। यहां के लोग सुंदर और सजे-धजे देवी-देवताओं की मूर्तियों को लकड़ी की पालकियों या रत्नों से सजे रथों में बिठाकर लाते हैं। इनकी भव्यता देखकर ऐसा लगता है जैसे देवी-देवता आसमान से उतरकर हमसे मिलने आए हों! कुल्लू के विशाल मैदान में यह मेला पूरे सात दिनों तक चलता है। हर तरफ सुंदर संगीत, पहाड़ी डांस और रंग-बिरंगे कपड़े पहने लोग दिखाई देते हैं। दशहरे के दौरान यहां की रौनक देखते ही बनती है! *



75 दिनों तक मनाया जाने वाला दशहरा छत्तीसगढ़



छत्तीसगढ़ के बस्तर में दशहरा पर्व पूरे 75 दिनों तक मनाया जाता है। यह दुनिया में सबसे लंबे समय तक मनाया जाने वाला त्योहार है। यहां दशहरे पर प्रकृति और देवी की पूजा की जाती है। यहां रावण को नहीं जलाया जाता। बस्तर के आदिवासी लोग दशहरे के दौरान अपनी कुलदेवी 'माई दंतेश्वरी' की पूजा करते हैं। वे जंगलों, पेड़ों और प्रकृति का शुक्रिया अदा करते हैं। इस त्योहार में लोग जंगल से विशाल लकड़ियां लाते हैं और बिना किसी कील के एक बहुत बड़ा रथ बनाते हैं। इस रथ को खींचने में सैकड़ों लोग एक साथ जुटते हैं। *

डांडिया और गरबा की धूम गुजरात

गुजरात में दशहरे का जश्न नौ दिनों तक चलता है। इस दौरान यहां बच्चे, बूढ़े और जवान सभी रंग-बिरंगे पारंपरिक ड्रेस में सजते हैं। लड़कियां चनिया-चोली पहनती हैं और लड़के केडियू पहनते हैं। मिट्टी के एक सुंदर दीये, जिसे गरबो कहते हैं, के चारों ओर घूमकर सब लोग एक ही ताल में गरबा और डांडिया डांस करते हैं। दशहरे के ठीक अगले दिन सुबह गुजरात में हर घर और दुकान पर लोग गरमा-गरम फाफड़ा (एक नमकीन स्नैक) और रसदार जलेबी का मजा लेते हैं। *



रमन ने दशहरे पर रावण का जो पुतला बनाया, वह एकाएक बोलने लगा। पुतले ने कई ऐसे सवाल पूछ लिए, जिससे रमन बहुत कुछ सोचने पर मजबूर हो गया। सभी बच्चों को जागरूक करने वाली कहानी।

नींद खुली



छोटी कहानी
डॉ. दर्शन सिंह 'आशट'

रमन गहरी नींद में सो रहा था। पांच घंटे की कड़ी मेहनत के बाद, रमन और उसके दोस्तों ने दशहरे के लिए रावण का पुतला तैयार किया और उसे एक खुली जगह पर स्थापित कर दिया। अचानक रमन को लगा, जैसे पुतला जीवित हो गया है, वह बुला रहा है, 'रमन!'

रमन हैरान था। उसने पुतले से पूछा, 'तुम्हें कैसे पता चला कि मेरा नाम रमन है?' पुतला बोला, 'तुम्हारे सारे दोस्त तुम्हें 'रमन-रमन' कहकर बुलाते हैं। मैं इस वक्त तुम्हारी आवाज सुन रहा हूं। क्या तुम मेरी आवाज सुन रहे हो? मेरे कुछ सवालों के जवाब दे सकते हो?'

रमन ने कहा, 'जरूर, पूछो।'

पुतले ने पहला सवाल किया, 'दशहरा क्यों मनाया जाता है?'

'हम बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में दशहरा मनाते हैं।' रमन ने जवाब दिया।

पुतले ने अगला सवाल किया, 'क्या मेरे पुतले को जलाने से बुराई खत्म हो जाएगी?' पुतले के इस सवाल पर रमन चुप हो गया। पुतला बोला, 'रमन, क्या तुम्हें पता है कि तुम भी बुराई फैलाने वालों में से एक हो...?' रमन चौंका, 'मैं.. मैं..? मैं कैसे बुराई फैला रहा हूं?' 'क्या तुम इंसानी जान को खतरे में नहीं डाल रहे हो? जरा सोचो...।' यह कहकर रावण का पुतला स्थिर हो गया।

रमन घर आया। उसने अपनी मां को सारी बात बताई। मां बोलीं, 'रावण का पुतला सच कह रहा था।' रमन थोड़ा उदास हुआ। उसे लगा कि मां भी रावण के पुतले वाली बात का समर्थन कर रही हैं। रमन की तरफ देखते हुए मां ने पूछा, 'तुमने और तुम्हारे दोस्तों ने रावण के पुतले में जितने बम-पटाखे लगाए हैं। जब वे चलेंगे, तो क्या उनसे निकलने वाला जहरीला धुआं प्रकृति को नुकसान नहीं पहुंचाएगा? क्या इससे पर्यावरण प्रदूषित नहीं होगा?' रमन चुपचाप मां की बातें सुन रहा था।

मां ने रमन को समझाया, 'आकाश में ओजोन नामक गैस की एक परत मौजूद है, जो हमें सूर्य की पराबैंगनी किरणों के खतरनाक प्रभावों से बचाती है। यह परत एक मजबूत छतरी की तरह हमेशा हमारी रक्षा करती है। जब हमारे द्वारा उत्पन्न ऐसा जहरीला धुआं आकाश में जाता है, जिसमें कार्बन मौजूद होता है तो ओजोन परत कमजोर होकर फटने लगती है। जितना जहरीला धुआं ऊपर जाएगा, ओजोन परत में छेद उतने ही गहरे होते जाएंगे।'



एआई इनोज

'तो फिर जब हम इतने सारे बम-पटाखे लाए हैं, उनका जहरीला धुआं भी ऊपर जाकर ओजोन परत को भी प्रभावित करेगा।' रमन बोला। 'बिलकुल सही बेटा! जैसे तुम और तुम्हारे दोस्त हर गली-मोहल्ले में तीन-तीन पुतले बनाकर उनमें बड़े-बड़े बम-पटाखे फिट कर रहे हो, जब वे जलेंगे, तो पर्यावरण प्रदूषित होगा ही! कितने ही लोग इस वजह से सांस की बीमारियों से जूझ रहे हैं।' मां ने विस्तार से रमन को बताया।

रमन देर तक मां की बताई बातों के बारे में सोचता रहा। तभी उसके मन के किसी कोने से आवाज आई, 'रावण का पुतला शायद सही कह रहा था।'

तभी रमन का सपना टूट गया था। उसकी नींद खुल चुकी थी। दशहरा का खुशनुमा त्योहार उसका स्वागत कर रहा था। *

कविता / शिवचरण चौहान

प्यारा दशहरा

है दशहरा पर्व प्यारा।
राम जीते हैं समर में
और रावण गया मारा।।
राम मर्यादा पुरुष थे
कर्म उनके सभी पावन।
किंतु अमर्यादित था रावण
कर्म करता था अपावन।
था दशानन अत्याचारी
कांपता संसार सारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।
राम की सीता चुरा कर
ले गया था अपनी लंका।
हर कोई डरता था उससे
बज रहा रावण का डंका।
राम ने लंका में चढ़ कर
युद्ध में रावण को मारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।
सत्य जीता, झूठ हारा
मिट गई है सारी शंका।
झूठ की, अन्याय की
जल कर हुई है राख लंका।
हम मनाते विजय दशमी
अब तलक यह पर्व प्यारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।



एआई इनोज

हंसगुल्ले



चिंटू : दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
मिंटू: जिसके नाक में दर्द हो, वह दर्दनाक होता है।
-अभिषेक, रायपुर

सोनी : पापा, मुझे कंप्यूटर सीखना है।
पापा : चलो, पहले माउस पकड़ना सीखो।
सोनी : लेकिन माउस तो बिल्ली पकड़ती है!
-खुशी, महेंद्रगढ़

गप्पा : आज टीवी पर एक फॉरेस्ट शो में 10 फीट का भालू देखने को मिलेगा, लेकिन मैं नहीं देख पाऊंगा।
गोलू : क्यों?
गप्पा(हंसते हुए) : क्योंकि मेरा टीवी केवल 31 इंच का है ना!
-प्रियंका, रोहतक

जीके क्विज-227

1. वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार किसे प्रदान करने की घोषणा की गई है?
2. साहित्य के लिए 2026 का नोबेल पुरस्कार किसे दिया जाएगा?
3. किस राज्य में स्थित वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व को हाल में चीता आवास घोषित किया गया है?
4. भारतीय वायुसेना का 29वां प्रमुख हाल ही में किसे नियुक्त किया गया है?
5. अशोक ने कलिंग युद्ध के बाद कौन-सा धर्म अपनाया?
6. फुटबॉल की एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
7. 'पंचतंत्र' के लेखक कौन हैं?
8. संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय कहां स्थित है?
9. भारत की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
10. ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कहां है?



बच्चों, जीके क्विज-227 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-226 का उत्तर : 1. 85 पदक, 2. ट्रैप शूटिंग, 3. चौथा स्थान, 4. दोहा (कतर), 5. 10 अक्टूबर, 6. येन, 7. ओटावा, 8. प्रकाश संश्लेषण, 9. कौटिल्य, 10. राष्ट्रपति

जीके क्विज-226 का सही उत्तर देने वाले : स्वाति-राजनांदगांव, मौसम-कांकेर, सुमन-बिलासपुर, हर्षित-रायपुर, ज्ञानेश-महासमुंद, रुचि-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, अंशु-कांकेर, सचिन-बालोद, कुसुम-रायगढ़, प्रिया-दुर्ग



कहानी
सुमन बाजपेयी

आदित्य ने दशहरे के मौके पर रावण के जो दस मुखौटे बनाए, उनमें एक मुखौटा चुप्पी भी बनाया। आदित्य का कहना था कि किसी गलत बात के लिए चुप्पी साधे रहना एक बड़ी बुराई है। आदित्य ने सिर्फ मुखौटा ही नहीं बनाया, अपने दोस्तों के साथ एक गलत बात का विरोध कर कथनी को करनी में बदलने का साहस भी दिखाया।

चुप्पी तोड़ें !

दशहरे में अभी कुछ ही दिन बाकी थे। स्कूल के सभागार में रंगीन कागज, गोंद और पेंट बिखरे हुए थे। रमा मैडम ने बच्चों को बताया, 'इस बार हमारी प्रदर्शनी का विषय है- रावण के दस सिर। लेकिन सिर्फ अहंकार और क्रोध लिखकर काम नहीं चलेगा। सोचो, आज के समय में रावण किन बुराइयों के रूप में हमारे आस-पास दिखाई देता है?'

आदित्य काफी देर तक कागज पर कुछ लिखता रहा। फिर उसने दस शब्द लिखे- झूठ, लालच, डर, स्वार्थ, अफवाह, छल, अन्याय, चापलूसी, घमंड और चुप्पी। रमा मैडम ने आखिरी शब्द पर अंगुली रखी, आदित्य से पूछा,'चुप्पी भी..?' 'जब लोग गलत बात देखकर भी चुप रहते हैं, तो गलत बात को मजबूती मिलती है न!' आदित्य ने स्पष्ट किया। मैडम ने उसकी ओर देखा और सहमति प्रकट की, 'बिल्कुल..।'



एआई इनोज

आदित्य ने दस मुखौटे बनाने शुरू कर दिए। वह इस काम में लगा ही था कि उसकी नजर स्कूल के पीछे के मैदान पर पड़ी। चारों ओर लोहे की चादरें लगाई जा रही थीं। वह मैदान वर्षों से बच्चों के खेलने की जगह था। अब वहां एक बोर्ड लगा था- 'यहां आधुनिक मनोरंजन केंद्र बनेगा।' अगले दिन आदित्य ने स्पोर्ट्स टीचर से पूछा, 'सर, क्या हमारे खेलने के लिए अब मैदान नहीं रहेगा?' 'हमें बताया गया है कि बच्चों के खेलने के लिए दूसरी जगह बना दी जाएगी।' स्पोर्ट्स टीचर ने बताया। 'कहां?' आदित्य ने फिर पूछा।

स्पोर्ट्स टीचर के पास इसका कोई जवाब नहीं था। आदित्य को बात खटक गई। उसने अपने दोस्तों सिया और नमन के साथ पुराने अखबार और स्कूल की लाइब्रेरी के पेपर देखने शुरू किए। उन्हें तीन-चार साल पुरानी एक खबर मिली, जिसमें लिखा था, 'यह जमीन बच्चों के खेल मैदान के लिए सुरक्षित की गई है।'

'तो फिर इसे किसी और काम के लिए कैसे दिया जा सकता है?' सिया ने पूछा। तीनों ने इधर-उधर से नगर के पुराने रिकॉर्ड तलाशे। कुछ दिन बाद उन्हें एक दस्तावेज मिला, जिसमें लिखा था कि मैदान का उपयोग बदलने की अनुमति एक विशेष बैठक में दी गई थी। लेकिन उस तारीख की बैठक का कोई रिकॉर्ड कहीं नहीं मिला।

'यह पेपर गलत हो सकता है।' आदित्य बोला। 'और जिसे जमीन चाहिए, वही इस दशहरे का मुख्य प्रायोजक भी है।' सिया ने धीरे से कहा।

उस व्यक्ति का नाम रजत कुमार मल्होत्रा था। शहर में उसकी बड़ी प्रतिष्ठा थी। वह स्कूलों में बच्चों को पुरस्कार देने के लिए बड़ी राशि देता था। गरीब बच्चों को किताबें बांटता था। हर साल दशहरा समारोह में सबसे ज्यादा पैसा देता था। नमन बोला, 'इतना अच्छा आदमी गलत काम करेगा, यह मानना मुश्किल है।' 'अच्छा दिखना और हमेशा सही होना एक बात नहीं है।' आदित्य नमन की तरफ देखते हुए बोला।

दशहरे की शाम पूरा शहर मैदान में जमा था। रावण का विशाल पुतला खड़ा था। मंच पर रजत कुमार मल्होत्रा बैठे थे। उन्होंने माइक पर जोरदार शब्दों में बहुत सारी बातें कीं। अंत में बोले, 'दशहरा हमें सिखाता है कि अंत में सत्य की ही जीत होती है।' तालियां गूंज उठीं। आदित्य मंच के पीछे खड़ा था। उसके हाथ में वे पेपर थे, जो उसने कई दिनों से संभालकर रखे थे। वह जानता था कि इतने लोगों के सामने बोलना आसान नहीं होगा। एक पल को उसे डर लगा। फिर उसकी नजर अपने बनाए दस मुखौटों पर पड़ी। उसे दसवां मुखौटा याद आया- चुप्पी। चुप्पी को कमजोरी बनने देने से अच्छा है उसे तोड़ दिया जाए। वह माइक के पास गया, 'मैं कुछ कहना चाहता हूं।' दर्शक कौतुहल से उसकी ओर देखने लगे। 'हमारे स्कूल के पीछे का मैदान बच्चों के लिए सुरक्षित था। फिर उसे बनाने के लिए कागज बदले गए। जिस बैठक का जिक्र इन पेपरों में है, वह हुई ही नहीं।' आदित्य ने पूरे आत्मविश्वास से माइक पर अपनी बात लोगों के सामने रखी। रजत कुमार मल्होत्रा तुरंत खड़े हो गए, 'बच्चे को पूरी जानकारी नहीं है।'

सिया आगे आई, 'हमारे पास पुराने रिकॉर्ड हैं।' नमन ने बैठक रजिस्टर की तस्वीर सबको दिखाई। नगर परिषद का एक अधिकारी भी वहीं मौजूद था। उसने दोनों कागज देखे और बोला, 'मामला गंभीर है। जांच होने तक निर्माण रोका जाएगा।' भीड़ में फुसफुसाहट फैल गई। रजत कुमार मल्होत्रा चुप खड़े रहे।

उसी समय रावण के पुतले में आग लगा दी गई। एक-एक करके उसके सिर जलने लगे। रमा मैडम ने आदित्य से कहा, 'अब बताओ, तुम्हारे बनाए रावण के दस मुखौटों में सबसे खतरनाक कौन-सा था?' आदित्य जलते रावण को देखकर बोला, 'चुप्पी, क्योंकि झूठ और अन्याय तभी टिकते हैं, जब सच जानने वाले लोग भी चुप रहें।' कुछ दिनों बाद जांच में दस्तावेजों की गड़बड़ी सामने आई और मैदान बच गया। बच्चों ने अपने मुखौटे स्कूल की प्रदर्शनी में लगा दिए। लोग आदित्य के बनाए मुखौटे बहुत ध्यान से देख रहे थे। झूठ, लालच, डर, स्वार्थ, अफवाह, छल, अन्याय, चापलूसी, घमंड और चुप्पी। सबसे नीचे आदित्य ने लिखा था, 'रावण हर साल जलता है, लेकिन उसके मुखौटे हमारे आस-पास फिर दिखाई दे सकते हैं। उन्हें पहचानना और सत्य के साथ खड़ा होना ही असली विजय है। चुप्पी तोड़ें।' *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

रहस्य-रोमांच से भरा उपन्यास

बच्चो, जरा सोचो अगर तुम अचानक किसी ऐसी जगह पर पहुंच जाओ, जहां पेड़ पहियों पर खड़े हों, उन पर रंग-बिरंगे, लंबे, गोल, चपटे फल लगे हों, टोपी लगाए हुए प्यारे पक्षी हों, दूधिया झाग वाला झरना हो और छातेनुमा फूल हों तो कैसा लगेगा? तुम कहोगे, ऐसी जगह तो कमाल की होगी! हाल में छपकर आए बाल उपन्यास 'पहिया ग्रह' को पढ़ते हुए तुम ऐसे ही एक काल्पनिक ग्रह का अनुभव करोगे। लेखिका उषा सोमानी द्वारा लिखे गए इस बाल उपन्यास की मुख्य पात्र एक प्यारी सी बच्ची वैशाली है, जो बर्फ से ढंकी पहाड़ियों के बीच स्थित एक गांव में रहती है। एक बार मां के कहने पर वह जंगल में लकड़ियां लेने जाती है और तूफान से बचने के लिए एक गुफा में शरण लेती है। वहां से वह एक ऐसे अनजाने पहिया ग्रह में पहुंच जाती है, जिसकी कभी उसने कल्पना भी नहीं की थी। वहां उसे सब कुछ बहुत अद्भुत नजर आता है। कुछ मुश्किलें भी उसके सामने आती हैं लेकिन वह हिम्मत नहीं हारती है। वहां उसकी मुलाकात अजीबो-गरीब चीजों के अलावा रोबोट जैसे दिखने वाले वैज्ञानिक चक्रधर से होती है। उसे पता चलता है कि प्रदूषण कैसे आने वाले समय में पृथ्वी के लिए बहुत बड़ा खतरा बन सकता है। इसके बाद क्या होता है, वैशाली वापस अपने गांव कैसे लौटती है, पृथ्वी की सुरक्षा के लिए क्या योजना बनाती है? यह सब जानने के लिए तुम्हें रहस्य और रोमांच से भरी यह किताब पढ़नी होगी। *



किताब: पहिया ग्रह (बाल उपन्यास), **लेखिका:** उषा सोमानी, **मूल्य:** 180 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली

अंतर बताओ

बच्चो, यहां राम और रावण के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1. राम के हाथ में बाण नहीं है। 2. राम के दाहिने हाथ में बाजूबंद नहीं है। 3. रावण के दो सिर कम हैं। 4. रावण के परिधान का रंग बदला हुआ है। 5. रावण के हाथ में पकड़े शस्त्र का आकार छोटा है।

परछाई पहचानो

बच्चो, यहां रावण के पुतले का एक चित्र दिया गया है, उसके बगल में चार परछाइयां भी दी गई हैं। तुम चित्र और परछाइयों को ध्यान से देखकर बताओ कि दिए गए चित्र की सही परछाई कौन-सी है?



उत्तर: B

खबर संक्षेप



गोहाना। ट्रायल का शुभारंभ करते हुए अतिथि व कोच। फोटो : हरिभूमि

खेल महाकुंभः कराटे ट्रायल में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

गोहाना। खेल विभाग, हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित जिला स्तरीय खेल महाकुंभ के अंतर्गत कराटे ट्रायल का आयोजन गुरुवार को बाल भारती विद्या पीठ वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना में किया गया। ट्रायल में खिलाडिय़ों ने अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। ट्रायल का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने किया। खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन एवं मेहनत के साथ आगे बढऩे के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या सोनू शर्मा भी उपस्थित रहीं।



खरखौदा। अनाज मंडी का निरीक्षण करते एसडीएम अमित भारद्वाज।

एसडीएम ने किया अनाज मंडी का दौरा

खरखौदा। एसडीएम अमित भारद्वाज ने वीरवार को खरखौदा अनाज मंडी का दौरा कर धान खरीद व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडी में धान की आवक, खरीद प्रक्रिया, फसल की गुणवत्ता के निर्धारित मानकों तथा खरीदे गए धान के उठान की व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में धान खरीद का कार्य सरकार द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों के अनुसार सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जाए।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान आयोजित हवन में हिस्सा लेते हुए मेयर राजीव जैन एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

नारायणी माता मंदिर का वार्षिक उत्सव मनाया

सोनीपत। महलाना रोड स्थित नारायणी माता मंदिर में गुरुवार को वार्षिक उत्सव श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। नगर निगम के मेयर राजीव जैन ने मंदिर पहुंचकर माता की पूजा-अर्चना की और श्रद्धालुओं के साथ उत्सव में भाग लिया। कार्यक्रम में भक्तों ने भजन-कीर्तन के माध्यम से माता की महिमा का गुणगान किया। इस दौरान हवन-यज्ञ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। मेयर राजीव जैन ने कहा कि नारायणी माता की महिमा अपरंपार है। मान्यता है कि महासती नारायणी माता से सच्चे मन से मन्नत मांगने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। माता की पूजा-अर्चना की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है और उनकी महिमा दूर-दूर तक प्रसिद्ध है।

एफएलएन शिविर के प्रथम चरण में 621 शिक्षकों ने सीखा लर्निंग लेवल

जिले के 37 मास्टर ट्रेनरों को गुरुग्राम में विशेष प्रशिक्षण दिलाया

- जिले के सभी 7 खंडों में 15 बेच का संचालन कर 621 प्राथमिक शिक्षकों को दिया गया एफएलएन प्रशिक्षण
- शिक्षा विभाग की ओर से शिविर के दूसरे चरण का संचालन जारी, कुल 4 चरणों में पूरा करना होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

निपुण हरियाणा मिशन के तहत जिले के सभी खंडों में चल रहे 8वें चरण के साक्षरता एवं संख्यात्मकता (एफएलएन) शिविर के प्रथम चरण में कुल 621 प्राथमिक शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। विद्यालय शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार मौलिक शिक्षा विभाग ने नई शिक्षा नीति पर 6 अक्तूबर से प्रारंभ किए प्रशिक्षण शिविर के प्रथम चरण के अंतर्गत सभी 7 खंडों में कुल 15 बेच का संचालन किया।

विभाग की ओर से अब दूसरे चरण में 622 शिखकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बता दें कि 8वें चरण में एफएलएन शिविर के तहत जिले के बालवाटिका-3 से कक्षा 5वीं तक के 1700 प्राथमिक शिक्षकों व 52 एबीआरसी व बीआरपी को 4 चरणों में प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। शिक्षकों की सुविधा के लिए ब्लॉक स्तर पर शिविर लगाए गए हैं।

शिविर का उद्देश्य प्राथमिक स्तर के शिक्षकों को विद्यार्थियों के मार्गदर्शन एवं उन्हें निपुण बनाने के तौर-तरीकों से अवगत कराना है। शिक्षकों को प्रशिक्षण देने के लिए खासतौर पर जिले के 37 मास्टर ट्रेनरों को गुरुग्राम में विशेष प्रशिक्षण दिलाया गया है।

शिविर में सभी शिक्षकों का मार्गदर्शन कर उन्हें कक्षाओं में मार्च 2027 तक प्रत्येक सप्ताह अनुसार विद्यार्थियों को पढ़ाने संबंधी जानकारी सहित अधिगम सामग्री के प्रभावशाली प्रयोग, स्किल पासबुक भरना, बच्चों के लर्निंग लेवल को पहचानने जैसी अवधारणाओं पर प्रशिक्षण देना है, ताकि वह उसी अनुरूप विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर सकें। सभी प्राथमिक विद्यालयों के प्राचार्यों को शिविर में सहयोग के दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



सोनीपत। शाहपुर तुर्क स्थित राजकीय विद्यालय में डीपीसी कृष्णा खत्री के साथ शिविर के प्रतिभागी शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

सीखने के स्तर में सुधार आएगा

विद्यालय शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार शिक्षकों को एफएलएन प्रशिक्षण शिविरों के दौरान सीखी गई गतिविधियों, शिक्षण विधियों एवं नवाचारों को अपने-अपने विद्यालयों में प्रभावी ढंग से लागू करना अनिवार्य है, ताकि बच्चों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान की दक्षताओं को मजबूत किया जा सके। प्रशिक्षण का वास्तविक उद्देश्य तभी सफल होगा, जब इसका लाभ सीधे विद्यार्थियों तक पहुंचेगा और उनके सीखने के स्तर में सकारात्मक सुधार आएगा।

-रचना बाना, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

783 शिक्षक अपने कार्य क्षेत्रों में ले रहे प्रशिक्षण

इस वर्ष एफएलएन शिविरों की रुपरेखा में बदलाव के अंतर्गत प्रदेशभर में कार्यरत जिले के 783 प्राथमिक शिक्षक अपने गृह क्षेत्रों के बजाय कार्यक्षेत्र वाले जिलों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। सोनीपत के यह शिक्षक अपने गृह क्षेत्रों के बजाय प्रदेशभर के विभिन्न जिलों के प्राथमिक विद्यालयों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आमतौर पर हर साल ग्रीष्मकालीन अवकाश में एफएलएन शिविर लगने से शिक्षकों को उनके गृह क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाता था, लेकिन इस वर्ष शिक्षकों की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 के कार्यों में व्यस्थता के कारण जून माह में एफएलएन प्रशिक्षिण शिविर का संचालन नहीं हो पाया था। अब अक्तूबर के अंदर शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

प्रथम चरण में किस ब्लॉक में कितने शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण

जिला एफएलएन समन्वयक मनोज वर्मा के अनुसार प्रथम चरण में निर्धारित शेड्यूल के अनुसार ब्लॉक सोनीपत में 3 बेच लगाकर 122 प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। खंड गन्नौर में 2 बेच में 84, गोहाना में 2 बेच में 84, कथूरा में एक बेच में 40, खरखौदा में 2 बेच में 89, मुंडलाना में 2 बेच में 80, राई में 3 बेच में 122 प्रतिभागी शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रतिभागियों को समापन समारोह में जिला परियोजना संयोजक कृष्णा खत्री, सोनीपत खंड शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा, गन्नौर खंड शिक्षा अधिकारी सुरजीत सिंह प्रशंसा पत्र प्रदान किए। वहीं दूसरे चरण के अंतर्गत सोनीपत में 120, राई में 124, गन्नौर में 86, गोहाना में 85, कथूरा में 42, खरखौदा में 89, मुंडलाना में 76 शिक्षक प्रशिक्षण ले रहे हैं। एफएलएन प्रशिक्षण शिविर के संयोजन एवं व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी बीआरजी टीम के सदस्य मोनिका दहिया, सुनील सरोहा, अंजू बाला को सौंपी गई है।



विश्व अंतरिक्ष सप्ताहः छात्राओं ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग के भौतिकी विभाग द्वारा विश्व अंतरिक्ष सप्ताह के तीसरे दिन विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करने के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और अनुसंधान की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में आईएचएल की प्राचार्य प्रो. कल्पना दहिया ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्राओं को पाठ्यपुस्तकों से आगे बढ़कर वैज्ञानिक विषयों को समझने, नए विचारों को अभिव्यक्त करने तथा अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करती हैं।

रोड सेफ्टी प्रश्नोत्तरी में राजकीय कॉलेज की टीम द्वितीय



खरखौदा। थाना यातायात के प्रभारी अधिकारी द्वारा रोड सेफ्टी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन जिला मुख्यालय सोनीपत में किया गया। जिसमें राजकीय महाविद्यालय खरखौदा के 13 छात्रों ने भाग लिया। जिसमें में महाविद्यालय की टीम प्रिंस मोहित एवं रेखा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य डॉक्टर तराना नेगी ने रोड सेफ्टी इंचार्ज डॉ योगेश बाजवान व छात्रों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में पूछे गए प्रश्नों का विषय मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा के नियम, सड़क पर सुरक्षित व्यवहार, यातायात संकेत, हेलमेट पहनने का महत्व, और सड़क दुर्घटनाओं से बचने के उपायों पर आधारित था। प्रतियोगिता के दौरान, छात्रों ने अपनी तेज-तर्रार सोच और त्वरित निर्णय क्षमता का प्रदर्शन किया, जिससे यह कार्यक्रम और भी रोमांचक बन गया। बताया गया कि प्रतियोगिता छात्रों में सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता के लिए प्रत्येक वर्ष आयोजित होती है।



छात्राओं को ई-पुस्तकालय के उपयोग की जानकारी दी

सोनीपत। जीवीएम गर्ल्स कॉलेज के पुस्तकालय विभाग की ओर से 14 और 15 अक्टूबर को छात्राओं को ई-पुस्तकालय की सुविधाओं और उनके उपयोग के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के प्रधान डॉ. ओ.पी. परुथी और प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने छात्राओं से पुस्तकालय की सुविधाओं का पूरा लाभ उठाने का आह्वान किया। प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने बताया कि महाविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से छात्राएं पुस्तकालय की डिजिटल सुविधाओं तक पहुंच सकती हैं। इंटरनेट के जरिए मोबाइल, लैपटॉप और कंप्यूटर पर कहीं से भी ई-पुस्तकों और ई-पत्रिकाओं का उपयोग किया जा सकता है।

अंतर-विद्यालय डिक्लेमेशन में प्रताप स्कूल अव्वल



खरखौदा। प्रताप स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मक कौशल का शानदार प्रदर्शन करते 'अग्राश 2026' में विद्यालय का नाम रोशन किया। पानीपत में आयोजित 19 वीं राष्ट्रीय अंतर-विद्यालय प्रतियोगिता में प्रताप स्कूल की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी और उत्साह का माहौल है। प्रतियोगिता में डिक्लेमेशन (भाषण) श्रेणी में विद्यालय की छात्राओं शनाया और आरना ने प्रथम स्थान प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की। इस उपलब्धि के लिए उन्हें रू 2,100 की नकद पुरस्कार राशि, मेडल, प्रमाण-पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं, विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यालय की छात्राओं जिया और अक्षिता ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।



सड़क सुरक्षा स्पर्धा में कल्पना चावला विद्यापीठ प्रथम

खरखौदा। कल्पना चावला विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने खंड स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते प्रथम स्थान हासिल किया और अपनी प्रतिभा के दम पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया।प्रतियोगिता ब्राइटवे इंटरनेशनल विद्यालय में आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान, कौशल और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते विद्यालय का नाम रोशन किया। उक्त प्रतियोगिता तीन स्तरों में आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता तथा सड़क पर सुरक्षित व्यवहार के महत्व से अवगत कराना था।



मीमांसा न्यायप्रकाश पर सात दिवसीय कार्यशाला

सोनीपत। रेवली स्थित पाणिनि महाविद्यालय और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्त्वावधान में मीमांसा न्यायप्रकाश के पंक्तिबद्ध अध्ययन पर सात दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। रामलाल कपूर ट्रस्ट द्वारा संचालित महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला को केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जनकपुरी, दिल्ली से वित्तीय सहयोग मिला। इसमें 40 से 50 विद्वानों, आचार्यों, प्राध्यापकों और शोधार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला में आचार्य डॉ. सुद्युम्न, प्रो. डॉ. ओमनाथ बिमली, प्रो. डॉ. सुधीर कुमार आर्य, प्रो. डॉ. वाचस्पति मिश्र, आचार्य प्रेमपाल आर्य और प्रो. डॉ. भारतेन्दु पाण्डेय शामिल हुए।



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

हरको बैंक को मजबूत करने से सहकारी संस्थाओं और किसानों को मिलेगा लाभ

सोनीपत। हरियाणा सरकार के सहकारिता विभाग के प्रधान सचिव पंकज यादव ने कहा कि हरको बैंक मजबूत होगा, तभी सहकारी बैंक और प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां (पैक्स) सशक्त बनेंगी। इससे किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने में मदद मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को सहकारी संस्थाओं की वित्तीय स्थिति सुधारने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पंकज यादव ने गुरुवार को राई रेस्ट हाउस में सोनीपत और यमुनानगर जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों, सोनीपत व गोहाना शुगर मिल, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग और हैफेड के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने पैक्स में कर्मचारियों की नियुक्ति और वेतन निर्धारण नियमानुसार करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भर्ती या वित्तीय प्रबंधन में अनियमितता मिलने पर जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि सहकारी केंद्रीय बैंकों में आने वाले एक-एक पैसे का हिसाब रखा जाए। आय-व्यय की नियमित निगरानी कर संस्थाओं की आमदनी बढ़ाने के प्रयास किए जाएं।

एमओटीपी का विरोध जारी, सीएमओ कार्यालय के बाहर धरना देकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

- एसोसिएशन ने 16 अक्टूबर को प्रदेशव्यापी रोष प्रदर्शन करने व उपायुक्त के माध्यम से सीएम को ज्ञापन देने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन ने मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी (एमओटीपी) के विरोध में वीरवार को सिविल सर्जन कार्यालय परिसर में धरना देकर रोष जताया। इसके बाद एसोसिएशन के सदस्यों ने उप सिविल सर्जन डॉ. अनीता सहारण को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें एमपीएचडब्ल्यू वर्ग को ऑनलाइन तबादला नीति से बाहर रखने की मांग उठाई। साथ ही एसोसिएशन ने 16 अक्टूबर को प्रदेशव्यापी रोष प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। कर्मचारी सभी जिलों में उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजेंगे। जिला सचिव राज कुमार नैय्यर ने बताया कि सरकार ने पारदर्शिता के नाम पर यह नीति लागू की थी। अब रेशनलाइजेशन के तहत कई जिलों में बड़ी संख्या में पद समाप्त किए जा रहे हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होंगी। बड़े पैमाने पर तबादले होने से यह व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। नए क्षेत्र में लोगों के साथ तालमेल बनाने में भी समय लगेगा।



सोनीपत। सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर मुख्यमंत्री के नाम उप सिविल सर्जन को ज्ञापन देते स्वास्थ्य कर्मी। फोटो : हरिभूमि



शिविर में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा सुनिश्चित किया जाए

खरखौदा। एसडीएम खरखौदा अमित भारद्वाज की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना गया तथा उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समाधान शिविर में सांपला रोड पर गंदे पानी की निकासी तथा हेरिटेज स्कूल के पास सड़क को समतल करवाने के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुईं। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर तहसीलदार बिजेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार अचिन काल्टा, सहायक अधीक्षक राजेश आदि मौजूद रहे।

गांव राजलूगढ़ी में दूषित पानी सप्लाई से भड़के ग्रामीण, ऑपरेटर व चालक को वापस लौटाया

- बड़ी औद्योगिक क्षेत्र से लाया गया था पानी, अब जीपीएस वीडियो देखकर ही भरेंगे टैंकर से पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। दूषित पानी सप्लाई का पता लगने पर खाली खड़ा पानी का टैंकर साथ में जन स्वास्थ्य विभाग ऑपरेटर व कैंटर चालक।

गांव राजलूगढ़ी में जन स्वास्थ्य विभाग दोबारा गांव में लगाए ट्यूबवेल का पानी पानी रिपोर्ट में पीने योग्य न मिलने के बाद में टैंकर से भेजी गई पानी सप्लाई का पानी दूषित मिलने पर ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों का आरोप है कि इसके बावजूद विभाग की ओर से उन्हें पीने के लिए दूषित पानी की सप्लाई की गई। उन्होंने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए स्पष्ट कर दिया कि अब पानी की गुणवत्ता का प्रमाण मिलने के बाद ही कंटेनर में पानी भरेंगे। स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना विभाग की जिम्मेदारी है, लेकिन दूषित पानी की सप्लाई करके लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। बताया गया कि बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के कारण पानी खराब हुआ और इस औद्योगिक क्षेत्र से ही लोगों के पीने के लिए गंदा पानी भरकर लाया गया था।

शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

श्रद्धालुओं ने मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना कर मांगी पारिवारिक शांति

- श्रद्धालुओं ने सुबह-शाम आराधना कर लिया माता रानी का आशीर्वाद, आज मां कात्यायनी का होगा पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शारदीय नवरात्र उत्सव के पांचवें दिन श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता की विधिविधान से पूजा-अर्चना कर पारिवारिक शांति की कामना की। श्रद्धालु सुबह ही माता के मंदिरों में पहुंचे। वहां विधि-विधान से पूजा कर मां से आशीर्वाद मांगा।

पांडव नगरी में मां के जयकारों की गूंज रही। मंदिरों में पूजा-अर्चना करने के लिए सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ और आवागमन लगा रहा। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर घर-परिवार व समाज में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। बड़ा बाजार स्थित सिद्धपीठ चिटाने वाली माता मंदिर, कामी रोड स्थित सिद्धपीठ श्री चंडी मां महाकाली प्राचीन मंदिर, सेक्टर-14 स्थित श्री चिंतपूर्णी मंदिर, सिद्धपीठ बाबा धाम मंदिर, मॉडल टाउन स्थित नवदुर्गा माता मंदिर सहित अन्य प्राचीन मंदिरों में प्रातःकाल से ही माता रानी के दर्शन के लिए कपाट खुले रहे। कई मंदिरों व घरों में दुर्गा सप्तशती, दुर्गा चालीसा का पाठ किया गया। महिला संकीर्तन मंडली ने माता रानी का कीर्तन कर गुणगान किया।





सोनीपत। सिद्धपीठ चिटाने वाली माता मंदिर में जोत जलाते व पूजन करते श्रद्धालु तथा माता मंदिर में कीर्तन करती महिलाएं।

मां स्कंदमाता के जीवन से जुड़ी कथा का वाचन किया



गोहाना। नवरात्रि के 5वें दिन गीता विद्या मंदिर, गोहाना में मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना-वंदना की गई। छात्रा सोनल व अन्य विद्यार्थियों ने मां स्कंदमाता के जीवन से जुड़ी कथा का वाचन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में चल रही राम कथा में भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की तैयारी तथा कैकेयी द्वारा राजा दशरथ से मांगे गए दो वरदानों के प्रसंग का भावपूर्ण प्रस्तुतिकरण किया गया। इस प्रसंग के माध्यम से विद्यार्थियों को त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और मर्यादा के महत्व से परिचित कराया गया। विभाग प्रमुख मन्नु दूहन एवं दीपक कपूर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नवरात्रि के दौरान संयमित जीवनशैली अपनाने तथा अपने आचरण में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि केवल पूजा-अर्चना का पर्व नहीं है, बल्कि यह आत्मसंयम, अनुशासन और आत्मचिंतन के माध्यम से स्वयं को बेहतर बनाने का अवसर भी है। प्राचार्य अश्विनी कुमार की अध्यक्षता में संपन्न इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संयम, धैर्य, आज्ञापालन एवं सामाजिक समरसता जैसे जीवनमूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

ब्लॉक स्तरीय सम्मेलन के लिए दिया न्योता

खरखौदा। शहर की राजवंश वाटिका में आयोजित होने वाले ब्लाक स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर शहरी कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीन सैनी की अगुवाई में शहर के कार्यकर्ताओं को न्योता दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के संगठन को मजबूत करने के लिए शीर्ष नेतृत्व की तरफ से यह कार्यक्रम रखवाए जा रहे हैं। जिसमें कांग्रेस प्रदेश प्रभारी संजय दत्त, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह व सांसद दीपेंद्र हुड्डा के साथ ही अन्य वरिष्ठ नेता भी इस कार्यकर्ता सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में शहर से भी भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे, जिन्हें काफर्यक्रम का न्योता दिया जा रहा है।

श्रीराम की बारात, हनुमान जी के चार स्वरूपों के हुए दर्शन



सोनीपत। श्री राम दल हनुमान सभा, 4-मरला की ओर से बुधवार को तृतीय श्रीराम विवाह महोत्सव एवं दशहरा महोत्सव के तहत भगवान श्रीराम की भव्य बारात और हनुमान जी के श्रृंगार का आयोजन श्रद्धा और उत्साह से किया गया। कार्यक्रम में मेयर राजीव जैन और मानव सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष सुमीत अलख मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। श्रीराम की बारात और शोभायात्रा में आकर्षक धार्मिक झांकियां और सुसज्जित रथ श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहे। हनुमान जी के चार भव्य स्वरूपों के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद लिया। बजरंग दल की ओर से राजीव जैन और सुमीत अलख को पगड़ी, चुनरी और स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। सायंकाल निकली शोभायात्रा शहर के विभिन्न स्थानों से होते हुए 4-मरला पार्क पहुंची। इस दौरान जय श्रीराम और जय हनुमान के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

खबर संक्षेप



विद्यार्थियों और स्टाफ को कराया योगाभ्यास

गन्नौर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), गन्नौर में आयुष टीम के सहयोग से विशेष योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और संस्थान के स्टाफ सदस्यों को योग के महत्व से अवगत कराना तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। योग अभ्यास कार्यक्रम का संचालन आयुष टीम गन्नौर के मुख्य सदस्यों जीत राम, वीरेंद्र सिंह, प्रोमिला और कविता रानी ने किया।

साइबर ठगी से बचाव के लिए दी जानकारी

गोहाना। पुलिस द्वारा गुरुवार को सीआर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोहाना में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को साइबर ठगी से बचाव को लेकर जरूरी जानकारियां दी गई। कार्यक्रम पुलिस आयुक्त ममता सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया। कार्यक्रम में साइबर थाना गोहाना प्रभारी निरीक्षक विनीत कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक नरेश कुमार, मुख्य सिपाही धर्मवीर तथा सिपाही दीपक ने विद्यार्थियों को जागरूक किया।

डिजाइन में बदलाव कर 9.50 करोड़ रुपये से पूरे होंगे काम

दो साल से अधर में ड्रेन-6 का निर्माण अब छह माह में पूरा करने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर के बीचों-बीच गुजर रही ड्रेन नंबर-6 का लंबे से अधर में लटका निर्माण पूरा होने का नाम नहीं ले पा रहा है। सरकार व प्रशासन की योजना अनुसार ड्रेन 6 को करनाल के मुगल कैनाल की तर्ज पर तैयार करवाकर शहर के सौंदर्यीकरण को बढ़ाया देना है। हालांकि दो साल तक ड्रेन का काम अधूरा होने से नगर निगम ने कई बार फजीहत झेली, लेकिन दो माह पहले सफाई कार्य शुरू होने से अधर में लटके काम को रफ्तार मिलती नजर आई, लेकिन अब निगम ने डिजाइन में बदलाव के साथ करीब 9.50 करोड़ रुपये की राशि से 6 माह में काम पूरा करवाने का निर्णय लिया है। अटल मिशन (अमृत) योजना के तहत देवडू रोड से शादीपुर तक करीब 5 जगह अधूरे पड़े ड्रेन 6 के हिस्सों को आपस में मिलाने के साथ डिजाइन में थोड़ा बदलाव किया है, ताकि भविष्य में सफाई व्यवस्था को भी दुरुस्त रखा जा सके। बता दें कि निगम ने ड्रेन 6 की कवरिंग परियोजना में डिजाइन बदलकर सफाई की स्थायी व्यवस्था पर पूरा ध्यान लगाया है। अधिकारियों की मानें, तो योजना अनुसार खुले हिस्सों में अब पुलों व पुलियों तक पहुंचने के लिए रैंप बनाए जाएंगे। इनके जरिये बुलडोजर व अन्य भारी मशीनें ड्रेन में उतर सकेंगी, ताकि गाद व गंदगी निकालने में सुविधा मिल सके। इससे पहले परियोजना का निर्माण कार्य जून में दोबारा शुरू किया गया था। नगर निगम आयुक्त से बातचीत में सामने आई योजना के अनुसार, शेष कार्य में पांच प्रमुख पुलों के ज्वाइंट जोड़ने व अधूरे हिस्सों को पूरा करने पर करीब 9.50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। नए डिजाइन में भविष्य की जरूरतों को भी ध्यान में रखा गया है, ताकि ड्रेन की सफाई के लिए बार-बार अतिरिक्त व्यवस्था न करनी पड़े। नगर निगम ने संशोधित डिजाइन के साथ निर्माण कार्य में तेजी लाने और अगले छह माह में परियोजना पूरी करने का लक्ष्य रखा है। इसके बाद शहरवासियों की सुविधा के लिए ड्रेन के दोनों ओर हरियाली व सौंदर्यीकरण संबंधी कार्य करवाकर शहर की सुंदरता को चार चांद लगाए जाएंगे। शहरवासियों को लंबे समय से अधूरी परियोजना पूरी होने का इंतजार है।



सोनीपत। राठधना के पास अधूरा पड़ा ड्रेन नंबर-6 का निर्माण कार्य।

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने शिलान्यास कर दी थी सौगात

नगर निगम ने अटल मिशन (अमृत) योजना के तहत देवडू रोड से शादीपुर तक शहर की कायाकल्प व परिवर्तन के लिए ड्रेन का निर्माण शुरू करवाया था। इस क्षेत्र में ड्रेन को पक्का करने के साथ सुंदरीकरण के कार्य करवाए जाने हैं। ड्रेन निर्माण के लिए केंद्रीय ऊर्जा मंत्री एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शिलान्यास किया था। ड्रेन के पार्ट-1 को पक्का करने के लिए 92 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा चुकी है, जबकि राठधना के पास 250 मीटर व शहर में सभी पुलों पर करीब 250 मीटर क्षेत्र में ड्रेन का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। वर्ष 2025 में ड्रेन के अधूरे निर्माण पर निगम एक ईंट भी लगाने में असमर्थ रहा, जबकि संबंधित कार्य को दो वर्ष के अंदर पूरा किया जाना था।

निर्माण जल्द पूरा करने के निर्देश

शहर में ड्रेन नंबर 6 के अधूरे पड़े कार्य को जल्द पूरा करवाने के लिए डिजाइन में बदलाव किया गया है। साथ ही ड्रेन निर्माण में लगी कंपनी व निगम अधिकारियों को परियोजना को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए है।

-हर्षित कुमार, आयुक्त, नगर निगम

रैंप का निर्माण करवाया जाएगा

ड्रेन नंबर 6 की कवरिंग परियोजना को पूरा करवाने में फिलहाल 6 माह का समय लगेंगे। ड्रेन के खुले हिस्सों में पुलों और पुलियों तक पहुंचने के लिए रैंप का निर्माण करवाया जाएगा। साथ ही सुरक्षा के लिए रेलिंग लगवाई जाएंगी।

-पद्मभूषण, कार्यकारी अभियंता, नगर निगम

पहले 800 मीटर क्षेत्र में 112 पेड़ बने थे बाधा

निगम ने ड्रेन 6 के पार्ट-2 का निर्माण कार्य 47.29 करोड़ रुपये से अप्रैल 2024 तक कर लिया था। पार्ट-1 का निर्माण कार्य करीब दो साल बाद भी शुरू होने का इंतजार कर रहा है। सरकार ने ड्रेन के पार्ट-2 में होने वाले निर्माण कार्य को वर्ष 2019 में मंजूरी प्रदान की थी। वर्ष 2020 में टेंडर आवंटन के बाद निगम ने डेढ़ साल में इस कार्य पूरा करना था। इस बीच ड्रेन के 800 मीटर क्षेत्र में 112 पेड़ बाधा बने रहे, जिससे निर्माण में दो वर्ष की देरी हुई। सभी पुलिया पर निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद आईटीआई चौक के पास सेक्टर 12 मार्ग स्थित पुलिया से बहालगढ़ तक ड्रेन पर करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण करवाया जाएगा।

न्यूज डायरी

श्रीराम पार्क में स्थापित की मूर्ति



राई। गांव मेरा-बाकीपुर स्थित भगवान श्रीराम पार्क में करीब सवा लाख रुपये की लागत से निर्मित भगवान श्रीराम की मूर्ति की स्थापना की गई। भाजपा जिला व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जयराम शर्मा सहित ग्रामीणों ने पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। जयराम शर्मा ने कहा कि भगवान श्रीराम की मूर्ति की स्थापना ग्रामीणों के सहयोग से संभव हो पाई है। उन्होंने इस धार्मिक कार्य में सहयोग देने वाले सभी लोगों का हार्दिक धन्यवाद किया और सभी से धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष जयराम शर्मा ने बताया कि दशहरे के उपलक्ष्य में भगवान श्रीराम की मूर्ति के पास हवन-यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर महिपाल मेंबर, रामकिशन चौहान, इंदर सिंह चौहान, विनोद, अशोक नंबरदार, सुरेंद्र नंबरदार, मोहन सिंह, सुनील कुमार और किशन मेंबर सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

मीना चौहान व जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सम्मानित



गोहाना। सेवा, समर्पण और संगठन के प्रति प्रतिबद्धता की भावना को सम्मान देते हुए गुरुवार को पानीपत में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने पार्टी जिला प्रभारी मीना चौहान और गोहाना जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक को सम्मानित किया। इन दोनों को यह सम्मान सेवा संकल्प अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए दिया गया। जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने कहा कि यह सम्मान सेवा संकल्प के अंतर्गत किए गए कार्यों, संगठनात्मक सक्रियता और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है। इस अवसर ने संगठन के प्रति निष्ठा, सामूहिक प्रयासों और सेवा भाव के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल मंत्र सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण है। संगठन के समर्पित कार्यकर्ता इसी भावना के साथ जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने और समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा का संदेश पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

वृद्ध आश्रम का प्रथम स्थापना दिवस मनाया



सोनीपत। जटवाड़ा स्थित कर्म योग सेवा सदन वृद्ध आश्रम का प्रथम स्थापना दिवस सेवा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मेयर राजीव जैन, पूर्व आईजी सुमन मंजरी, अशोक खत्री, विजेंद्र खत्री सहित अनेक गणमान्य लोगों ने शिरकत की। आश्रम की संस्थापक ममता सरोहा ने बताया कि यहां 12 से 15 बुजुर्गों की देखभाल की जा रही है। उन्होंने इसका श्रेय पिता रोहताश छिक्कारा के संस्कारों और पति नीरज सरोहा के सहयोग को दिया। आश्रम की देखरेख करने वाली साक्षी के योगदान की भी सराहना की गई। इस अवसर पर भंडारा लगाया गया, जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मां भारती जनसेवा चैरिटेबल ट्रस्ट और आश्रम के सहयोग से संजोग अस्पताल की टीम ने निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया, जिसमें करीब 50 लोगों की जांच की गई। सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम गौतम ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में जयकुंवर खत्री, अनुराग जैन, प्रेम गौतम, पवन राठी, पूर्ण मल गौड़, नरेंद्र भूटानी, देवेंद्र जैन, सोनिया, सोमप्रकाश जमदग्नि, राहुल छिक्कारा, नरेश बैरागी, अंकित त्यागी, रामबीर शर्मा, सुशील कुमार, सतपाल छोक्कर, जगत सिंह, मुकेश मलिक, सोहन लाल, जोगिंदर दहिया, मनजीत तिहाड़ा, श्रवण कौशिक, दीपक नैन, अनिल जमदग्नि, आशा अहलावत, अंशु और रीवा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने बुजुर्गों की सेवा के लिए भविष्य में भी सहयोग देने का आश्वासन दिया।

50 महिलाओं ने करवाई स्वास्थ्य जांच



गोहाना। गांव आहुलाना स्थित चौ. देवीलाल चीनी मिल परिसर स्थित किसान विश्राम गृह में आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क कैंसर मैमोग्राफी स्क्रीनिंग एवं महिला स्वास्थ्य जांच शिविर गुरुवार को संपन्न हो गया। यह शिविर मिल की प्रबन्ध निदेशक अंकिता वर्मा के मार्गदर्शन में नरूला डायग्नोस्टिक सेंटर एंड इंस्टीट्यूट, रोहतक व स्थानीय प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया गया। दो दिवसीय शिविर में कुल 50 महिलाओं ने पहुंचकर अपनी कैंसर स्क्रीनिंग व स्वास्थ्य जांच कराई। शिविर में गोहाना व आसपास के क्षेत्र के गांवों, किसान परिवारों व मिल कर्मचारियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में कुल 50 महिलाओं ने स्क्रीनिंग एवं महिला स्वास्थ्य जांच कराई। महिलाओं को प्रमाणित रिपोर्ट निःशुल्क प्रदान की जाएगी। मिल की एमडी अंकिता वर्मा ने कहा कि समय पर बीमारी की पहचान से ही बचाव संभव है। ऐसे में स्वास्थ्य को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें और समय पर स्वास्थ्य जांच करवाएं। एमडी ने शिविर में सहयोग देने वाली मेडिकल टीम का आभार जताया। इस अवसर पर मिल के सीएओ जितेंद्र शर्मा, श्रम कल्याण अधिकारी अनिल कुमार शर्मा, चीनी विक्रय अधिकारी धनीराम शर्मा, क्रय अधिकारी संदीप नरवाल, उप मुख्य अभियंता अनिल चौहान, उप मुख्य रसायनविद् विभाष गुप्ता व मुख्य रसायनविद् देवेंद्र दहिया सहित मिल के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

अंश, खुशी व शिवम की टीम अव्वल



गोहाना। शहर के आदर्श नगर स्थित वैश्य पब्लिक स्कूल की टीम ने खंड स्तरीय सडक सुरक्षा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गुरुवार को स्कूल के प्रबंधक एडवोकेट अजीत दहिया और प्राचार्या रीना कुमारी ने विजेता टीम के विद्यार्थियों को सम्मानित किया। विद्यार्थियों को सडक सुरक्षा नियमों बारे जागरूक करने के उद्देश्य से 14 अक्तूबर को शहीद मदनलाल धींगड़ा स्टेडियम, गोहाना में खंड स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। इस प्रतियोगिता के लेवल-3 में वैश्य पब्लिक स्कूल के मेधावी विद्यार्थी अंश दहिया, खुशी और शिवम की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। विजेता टीम के विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधक एडवोकेट अजीत दहिया, प्राचार्या रीना कुमारी, शिक्षिका रेखा, स्वीटी, पूजा, संगीता, प्रिया और कोमल ने अपना आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राज्य स्तरीय रेड रन मैराथन

हिसार की सिमरन और रोहतक के भावेश प्रथम



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान विधायक निखिल मदान के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं अन्य अतिथिगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राजकीय महिला महाविद्यालय, सेक्टर-12 में जिला स्वास्थ्य विभाग, हरियाणा राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी, रेड रिबन क्लब और रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पांच किलोमीटर की राज्य स्तरीय रेड रन मैराथन आयोजित की गई। इसमें विभिन्न जिलों के 104 लड़के-लड़कियों ने भाग लिया। विधायक निखिल मदान ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया। प्राचार्या डॉ. किरण सरोहा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक निखिल मदान ने कहा कि एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना केवल स्वास्थ्य विभाग या किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज का सामूहिक दायित्व है। सही जानकारी, समय पर जांच और बचाव के उपायों के प्रति जागरूकता के माध्यम से इस बीमारी के प्रसार को रोकने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। बालिका वर्ग में हिसार की सिमरन प्रथम, अंबाला की रमन देवी द्वितीय, रोहतक की साक्षी तृतीय, सिरसा की पूनम चौथे और रोहतक की काजल पांचवें स्थान पर रही। बालक वर्ग में रोहतक के भावेश यादव प्रथम, निखिल कुमार द्वितीय, भिवानी के वीरेंद्र तृतीय, रोहतक के कृष चौथे और दीपांशु पांचवें स्थान पर रहे। मेयर राजीव जैन ने विजेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ. उजिता, डॉ. राखी शर्मा, डॉ. अलंकृता गेरा, डॉ. तरुण यादव और सुरेंद्र मौजूद रहे। रेड रिबन क्लब की नोडल अधिकारी डॉ. अमिता पंघाल के साथ डॉ. सविता, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. सुनील पंवार और परवेश वत्स ने आयोजन में सहयोग दिया।

महिला विवि में वाहनों की एंट्री होगी डिजिटल

कुलपति प्रो. सुदेश ने आरएफआईडी सिस्टम का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में गुरुवार को रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन सिस्टम का औपचारिक शुभारंभ किया गया है। गुरुवार को विवि की कुलपति कुलपति प्रो. सुदेश ने इस सिस्टम का उद्घाटन किया। इस सेवा के साथ विवि परिसर में वाहनों की एंट्री आर एफ आईडी सिस्टम के माध्यम से शुरू हो गई है। वहीं, डे-स्कॉलर छात्राओं के प्रवेश के लिए फेस रिकग्निशन सिस्टम भी शुरू किया गया है। प्रो. सुदेश ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीक का सही समय पर और सही उद्देश्य के लिए उपयोग करना बेहद जरूरी है। आधुनिक तकनीक न केवल कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाती है, बल्कि समय की बचत करने के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत करती है। विवि में आरएफआईडी एवं फेस रिकग्निशन सिस्टम की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे प्रवेश प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित, सुगम और प्रभावी बनेगी। उन्होंने कहा कि विवि परिसर में वाहनों की आवाजाही डिजिटल तकनीक के माध्यम से नियंत्रित करने तथा डे-स्कॉलर छात्राओं के प्रवेश के लिए फेस रिकग्निशन सिस्टम लागू करने से सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव, मुख्य सुरक्षा अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. अनिल बल्हारा उपस्थित रहे।



गोहाना। आरएफआईडी सिस्टम का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. सुदेश व कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव।

पूर्व छात्र दक्ष का स्कूल में किया सम्मान



सोनीपत। ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पूर्व छात्र दक्ष पेंढारकर के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। दक्ष ने संगीत प्रतियोगिता 'हसल' के पांचवें सीजन को जीतकर स्कूल और शहर का नाम रोशन किया है। उन्हें 'धड़कन' के नाम से भी जाना जाता है। स्कूल पहुंचने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष प्रार्थना सभा से हुई। इस दौरान प्राचार्या डॉ. किरण दलाल ने पूरे स्कूल परिवार की ओर से दक्ष को सम्मानित किया। दक्ष ने अपने स्कूली दिनों की यादें सांझा कीं और बताया कि स्कूल में मिली शिक्षा और प्रोत्साहन ने उनके सफर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

रक्तदान शिविर में 25 यूनिट रक्त एकत्रित

सोनीपत। सोनीपत पुलिस की ओर से मानव सेवा के तहत थाना राई में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। पुलिस आयुक्त ममता सिंह के दिशा-निर्देशों पर आयोजित शिविर में पुलिसकर्मियों और आम नागरिकों ने उत्साह से भाग लिया। शिविर में कुल 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के उपचार में काम आएगा। पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। जरूरत के समय रक्त की एक यूनिट किसी मरीज की जान बचाने में अहम भूमिका निभा सकती है।



भिगान में बनेगा आधुनिक पशु अस्पताल

- 40 लाख रुपये की लागत से बनने वाले चिकित्सालय का विधायक कादियान ने किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गांव भिगान में पशु अस्पताल की पुरानी और जर्जर बिल्डिंग की जगह अब आधुनिक सुविधाओं से लैस नया भवन बनाया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र कादियान ने करीब 40 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पशु चिकित्सालय का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। अस्पताल बनने से भिगान के अलावा राजपुर, कामी, धतूरी, ललहेड़ी कलां, ललहेड़ी खुर्द और लड़सौली के पशुपालकों को भी राहत मिलेगी। भवन कंडम होने के कारण अब उसी परिसर में नया चिकित्सालय बनाया जाएगा। विधायक कादियान ने निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिए कि काम की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों ने जनहित से जुड़ी अन्य समस्याएं भी उनके सामने रखीं। इस मौके पर पीडब्ल्यूडी के एसडीओ अनिल चहल, जेई नवनीत, जेई कपिल, पूर्व सरपंच राजी प्रधान, बंटी, रोबिन, भूप सिंह और नान्हा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान नारियल फोड़कर शिलान्यास करते हुए।

कार्यक्रम | कामी रोड स्थित रामलीला मैदान में सुनाया प्रसंग

कैकेयी-मंथरा, दशरथ संवाद व श्रीराम के वनवास गमन से दर्शक हुए भावुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

श्री रामलीला सभा व श्री ठाकुरद्वारा पंचायती मंदिर सेवा समिति की ओर से कामी रोड स्थित रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला के 5वें दिन कैकेयी-मंथरा संवाद, राजा दशरथ-कैकेयी संवाद, श्रीराम वन गमन और केवट संवाद की लीला का मंचन किया गया। कलाकारों ने प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से भगवान श्रीराम के वनवास जाने और गंगा पार करने के प्रसंगों को जीवंत किया। वृंदावन से आचार्य सौरभ द्विवेदी, टीवी फेम स्वामी शिवदयाल शर्मा व स्वामी गिरिराज प्रसाद शर्मा के मार्गदर्शन में कलाकारों ने विभिन्न प्रसंगों का बेहतरीन मंचन किया। मुख्यातिथि के रूप में अमित शौनक, पोखरमल नेहरू व खुशहाल कौचर ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता महताब सिंह खत्री, जबकि मंच संचालन गजेंद्र सलूजा ने किया। मंचन में दिखाया गया कि महाराज दशरथ अपनी बढ़ती आयु को देखते हुए मंत्री परिषद से विचार-विमर्श के बाद श्रीराम को अयोध्या का राजा बनाने की घोषणा करते हैं। इससे अयोध्यावासियों में खुशी की लहर दौड़ जाती है।



सोनीपत। रामलीला मैदान में रामलीला का मंचन करते वृंदावन के कलाकार।

दशरथ से मांगें वचन

मंथरा महारानी कैकेयी को भड़काकर उनके पुत्र भरत के लिए राजगद्दी मांगने के लिए उकसाती है। मंथरा की बातों में आकर कैकेयी कोप भवन में चली जाती हैं और महाराज दशरथ से पूर्व में दिए गए दो वचन मांगती हैं। आगे के प्रसंग में केवट भगवान श्रीराम को गंगा पार करवाते हैं और श्रीराम चित्रकूट में निवास करते हैं। इस अवसर पर राजकुमार गोयल, प्रवीन गोयल, अमित कुच्छल, महेंद्र वर्मा, राहुल अग्रवाल, अनिल जैन सहित संस्थाओं के सदस्य मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028